प्रेसनोट

दिनांक- 20.10.2026

जनपद मऊ।

मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा महिलाओं बलिकाओं एवं छात्राओं को किया जा रहा जागरुक, पंपलेट वितरित कर दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी -

नारी शक्ति का करें सम्मान, तभी बनेगा देश महान।"""

मिशन शक्ति 6.0 के चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा, के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों स्कूलों कालेजों एव गांवो में जाकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही पम्पलेट वितरित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, महिला उत्पीड़न एवं लैंगिक अपराधों से बचाव, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी, बाल अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा पुलिस सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

जनपद मऊ पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करने तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

अपहरण के मामले में वांछित एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्र के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना श्री जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.10.2026 को रेलवे स्टेश के पास से मु0अ0सं0 351/2026, धारा 87, 137(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ से संबंधित वांछित अभियुक्त गनेश कश्यप पुत्र विरेन्द्र उर्फ कल्लू निवासी ग्राम कायस्थटोला (गोलवार टोला) थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा अपहृता को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:

गनेश कश्यप पुत्र विरेन्द्र उर्फ कल्लू निवासी ग्राम कायस्थटोला (गोलवार टोला) थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ

पंजीकृत अभियोंग-

मु0अ0सं0 351/2026, धारा 87, 137(2), 351(3), 352 बीएएस थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ

गिरफ्तारी का स्थान व समय-

दि**नांक** 20.10.2026

स्थान – रेलवे स्टेशन के पास से

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 01 वारण्टी गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 20.10.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

थानावार कार्यवाही का विवरण-

1.थाना घोसी पुलिस द्वारा वारंटी रामचन्द्र पुत्र सिधारी निवासी मझवारा को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

थाना घोसी जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 5698 /- (पाच हजार छः सौ अठ्ठानवे) पीडित को वापस कराया गया

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 20.10.2026 को पीड़ित / आवेदक आकाश कुमार पुत्र बिहारी राम निवासी सेमरी जमालपुर थाना घोसी जनपद मऊ का यूपीआई के माध्यम से फोन करके फ्राड की गयी कुल धनराशि- 5698 /- (बारह हजार पांच सौ रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर रावण दहन कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया गया –

दशहरा पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ महोदय द्वारा मऊ नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर रावण दहन कार्यक्रम का जायजा लिया जा रहा है तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराया

जा रहा है। इस दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

इस दौरान महोदय द्वारा प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं त्योहार से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर पुलिस प्रबंधों का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देशित किया गया।

दशहरा पर्व के अवसर पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

मऊ पुलिस द्वारा दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे त्योहार को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

मऊ पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं जनपद में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है।